**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 14.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में चलाया गया वृहद जागरुकता अभियान । छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु विभिन्न कानून, सहायता सेवाओं, साइबर अपराधों, यातायात नियमों व सुरक्षित यात्रा आदि के बारे में जानकारी देकर किया गया जागरुक ।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 14.10.2025 को थाना कोतवाली नगर, साइबर क्राइम पुलिस थाना, महिला थाना एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरुक किया गया । इस दौरान छात्राओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर टीम द्वारा वर्तमान में आधुनिक तरिकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं । ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं । यूपीआई स्कैम (UPI Scam), सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल्स, आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें । साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) या साइबर हेल्पलाइन नम्बर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई । यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया जिसमें ट्रैफिक संकेतों एवं नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने की अनिवार्यता तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों, ओवर स्पीडिंग, मोबाइल फोन के प्रयोग, गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरों आदि के बारे में अवगत कराया गया साथ ही यात्रा करते समय महिलाओं को बरती जाने वाली सावधानियों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।